## सार-समाचार

### खडोलिया ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की

**रतनगढ.।** रतनगढ़ सैनी समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष हीरालाल खडोलिया ने बुधवार को अपनी जम्बोजेट कार्यकारिणी घोषित की। जिसमे कार्यकारिणी प्रमुख के तौर पर ओमप्रकाश टाक व ओमप्रकाश गौड़ को शामिल किया गया है। साथ ही उपाध्यक्ष पद पर चंद्रपकाश सुईवाल, जगदीश प्रसाद सोलंकी, बजरंग लाल कम्मा, कुशाल सिंगोदिया, गणेश पापटाण शामिल किया गया है। महासचिव पद पर पत्रकार तिलोक कम्मा को स्थान दिया गया है। सचिव पद पर मनोज भाटी, कमलेश राकसिया, पुरुषोत्तम इंदौरिया, अमरचंद गौड़ प्रवक्ता के रूप में ओमप्रकाश गौड़, श्रवण मिटावा, भुवनेश चौहान को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष पद पर मोहनलाल गौड़ व चतुर्भुज राकसिया, सोशल मीडिया प्रभारी बलदेव प्रसाद टाक, पवन कुमार सोलंकी, ओमप्रकाश सुईवाल, पवन कम्मा व कैलाश सुईवाल, मिडिया प्रभारी पत्रकार सूर्य प्रकाश सैनी, श्यामकुमार सैनी को सौंपा है। वहीं प्रचार प्रसार किसनलाल टाक, जगदीश प्रसाद राकसिया, महेंद्र कुमार मारोठिया, शंकरलाल कम्मा, रामावतार कम्मा को तथा एडवोकेट महेंद्र कुमार गौड, एडवोकेट अश्विनी कुमार राकसिया व एडवोकेट आकाश टाक को विधी सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई है। अध्यक्ष खडोलिया ने अपनी नवनीत कार्यकारिणी मे 20 स्थाई आमंत्रित सदस्यों को भी स्थान दिया है जो समाज की आगामी बैठकों में शामिल होकर समय समय पर दिशा निर्देशित करेंगे। खडोलिया ने बताया कि जल्दी ही नवगठित कार्यकारिणी का भव्य शपथठाहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

### राकेश शर्मा अध्यक्ष बने

**रतनगढ़**(निसं)अखिल भारतीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा जिला इकाई चूरू ने रतनगढ़ निवासी समाजसेवी राकेश शर्मा को आगामी सत्र 2025-2029 के लिए संगठन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। महासभा के पदाधिकारियों ने एकमत से निर्णय लेते हुए कहा कि राकेश शर्मा का संगठन के प्रति अटूट समर्पण, अनुशासित कार्यशैली, सक्रिय भागीदारी और वर्षों का सामाजिक अनुभव उन्हें इस दायित्व के लिए उपयुक्त बनाता है।महासभा द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया कि शर्मा का योगदान सदैव संगठन की मजबूती और समाज हित के कार्यों में रहा है। उनकी नेतृत्व क्षमता, पारदर्शी कार्यप्रणाली और समाजसेवा की भावना से संगठन को नई दिशा मिलेगी। विश्वास व्यक्त किया गया कि उनके मार्गदर्शन में चूरू जिला इकाई आने वाले समय में नई ऊँचाइयाँ छुएगी और समाज को एकजुट कर विकास की नई राह दिखाएगी।नव मनोनीत अध्यक्ष राकेश शर्मा ने महासभा के पदाधिकारियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के विश्वास पर खरे उतरने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और उत्थान ही उनकी प्राथमिकता रहेगी और हर वर्ग की भागीदारी से महासभा को सशक्त बनाने का प्रयास करेंगे।इस नियुक्ति पर क्षेत्रभर में खुशी की लहर है। समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाइयाँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अग्रसेन फिल्म का शुभारंभ

**मंड्रेला।** कस्बे में बुधवार को युवा नेता एवं भाजपा प्रत्याशी राजेश दहिया ने दा ठोट किंग अग्रसेन फ़िल्म का शुभ मुर्हुत किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दहिया रहे। इस दौरान दहिया ने फिल्म निर्माता रामाकिशन अग्रवाल का बहुत बहुत आभार जताया। जिन्होंने महान राजा अठासेन जी के विचारों और आदर्शों को फ़िल्म के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और अपनी जन्म भूमि मंड्रेला में अपने पूर्वजों को समर्पित ये नेक कार्य किया। रामाकिशन ने समय समय पर मंड्रेला के विकास के लिए जो योगदान दिया है उसके लिए भी दहिया ने उनका बहुत बहुत आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल हेमसिंह शेखावत ने की। इस अवसर पर फ़िल्म के डायरेक्टर के. सुरजीत, फ़िल्म के नायक राजेश सिंघल, चेयरमैन मंड्रेला कुलदीप शेखावत, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, चिड़ावा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास स्वामी, पंसस अरविंद सैनी, पूर्व पंसस विनोद निर्वाण, शंकरशरण पालीवाल, अनिल रामभरोसा, अरुण रामभरोसा, रघुनंदन टीबड़ा, अतुल चौमाल, गौरव मित्तल, रमाकांत सहित प्रबुधजन, मातृ शक्ति, युवा साथी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### डॉ. सानेल का किया स्वागत

**झुंझुनूं ।** झुंझुनूं मेडिकल कॉलेज बीडीके अस्पताल में डॉ. महेंद्र सानेल का बतौर फिजीशियन नियुक्ति हुई है। जिसके बाद अंबेडकर भवन में डॉ. सानेल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था संरक्षक महावीर सानेल, मेडिकल कॉलेज में अतिरिक प्राचार्य डॉ. दीपक तंवर, डॉ. दीपक देवठिया, डॉ. महेश सरोवा, डॉ. परमानंद, डॉ. रवि मानावत, पवन आलड़िया, नखराराम जैसलमेर, हरिश काला, जितेंद्र सानेल, गगन एवं दुर्गेश रांगेरा उपस्थित रहे।

### गणेश महोत्सव मनाया

**मंडावा, ।** गांव सिरियासर कलां के श्री विश्वकर्मा मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सात दिवसीय गणेश महोत्सव का भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया के आतिथ्य में विधिवत समापन हुआ। ढूकिया ने बताया कि गणेश मंदिर हमारे गौरवशाली इतिहास और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है, जो समाज में एकता, भक्ति और सद्भाव का संदेश देता है। इस अवसर पर रामजीलाल जांगिड़, राकेश कुमावत, कुम्भाराम जांगिड, अमरचंद, बलवान लोयल, राजेंद्रप्रसाद, पंडित बजरंगलाल, समुन्दर, धर्मपाल, विजेन्द्र जांगिड़, नागेश जांगिड़, आयुष, मोहित आदि उपस्थित रहे।

### सम्मानित होंगे व्याख्याता आलड़िया

**झुंझुनूं ।** ग्रामीण प्रतिभा तलाश कॅरिअर सेमीनार संस्थान झुंझुनूं के संयोजक व शहीद राजेश कुमार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झांझोत में कार्यरत क्यामसर निवासी पवन आलड़िया को पांच सितंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान समारोह में मानव सेवा और शिक्षा को समर्पित संस्थान मानव जन जाठाति संस्थान राजस्थान द्वारा आयोजित शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। मानव जन जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सौदागर कंदेला ने बताया कि राज्यभर से शिक्षा और समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 50 शिक्षकों का इस सम्मान के लिए चयन संस्थान की चयन समिति द्वारा किया गया है। जिसमें झुंझुनूं से व्याख्याता पवन आलड़िया को उनके द्वारा शैक्षिक क्षेत्र में और ठाामीण प्रतिभाओं के लिए किए जा रहे नवाचारों और मार्गदर्शन के उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्थान द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर जयपुर में सम्मानित किया जाएगा।

### बांके बिहारी की पालकी निकाली

**चूरू ।** स्थानीय सवाई सागर बगीची में जलझूलनी एकादशी पर बुधवार को भगवान बांके बिहारी की पालकी निकाली गई। इससे पूर्व महिला भक्त मंडल की ओर से भजन-कीर्तन कर भगवान बांके बिहारी को रिझाया गया। इस अवसर पर उषा सारस्वत, सरोज महर्षि, सत्यभामा महर्षि, इंदिरा सैनी आदि ने कीर्तन में भाग लिया। पुजारी महेंद्र सारस्वत ने आरती कर प्रसाद वितरण किया। इसी क्रम में नरोत्तम नागवान, विनोद ओझा, सोनू ओझा, सुशील शर्मा, नीरज सारस्वत, अनिल शर्मा, जेपी दाधीच, मुकेश ओझा, राजेश वर्मा, गणेश शर्मा, मुकेश लता, शुभम, लोकेश अठावाल सहित बड़ी संख्या में षहर के गणमान्य जनों ने पालकी में भाग लिया।

### झुंझुनूं का बेटा बना सोशल मीडिया स्टार

**झुंझुनूं, ।** शहर की मिट्टी हमेशा से प्रतिभाओं को जन्म देती रही है। इसी कड़ी में अब एक और नाम जुड़ गया है, सनवर कुरैशी। उनकी दिल को छू लेने वाली आवाज़ और गहराई से गाया हुआ गीत इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब धमाल मचा रहा है। सनवर कुरैशी की ओर से गाया गाना तूने मिलके रक़ीबों संग मेरे दिल पे चलाई छुरियां यूट्ययूब, इंस्टाठााम और फेसबुक रील्स पर यह गीत तेजी से वायरल हो रहा है। लोग इसे खूब पसंद कर रहे है, इसे शेयर कर रहे हैं। लोग लगातार सनवर की आवाज़ की तारीफ कर रहे हैं। सनवर कुरैशी मूल रूप से झुंझुनूं शहर के रहने वाले हैं। बचपन से ही उन्हें संगीत का शौक था। मोहल्ले की महफिलों और छोटे-छोटे आयोजनों से शुरू हुआ यह सफर अब सोशल मीडिया के बड़े मंच तक पहुंच गया है। उनके करीबी बताते हैं कि सनवर हमेशा से ही सुर और लय के दीवाने रहे हैं। उन्होंने कभी औपचारिक संगीत शिक्षा नहीं ली, बल्कि खुद के अभ्यास और जुनून से अपनी कला को निखारा। सनवर कुरैशी ने बताया कि असली कलाकार वही है जो अपने दर्द और भावनाओं को सुरों में ढालकर लोगों तक पहुंचा सके।

# देश के 142 करोड़ लोगों ने स्वच्छता की ताकत को समझा है : केके गुप्ता

- **स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्टेट कोर्डिनेटर गुप्ता ने पंचायत समिति झुंझुनू में ली बैठक, रोल मॉडल चयनित ग्राम पंचायतों की भी हुई समीक्षा, पौधारोपण, जल संरक्षण, कचरा संग्रहण और तालाब जीर्णोद्धार पर रहा विशेष फोकस**

**झुंझुनूं, ।** स्वच्छ भारत मिशन ठाामीण के तहत पंचायत समिति झुंझुनूं की समीक्षा और प्रगति बैठक मिशन के स्टेट कोर्डिनेटर केके गुप्ता द्वारा बुधवार को पंचायत समिति सभागार में ली गई। प्रारंभ में विकास अधिकारी द्वारा गुप्ता का शेखावाटी का पारंपरिक साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए स्टेट कोर्डिनेटर गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन देश के लगभग 142 करोड़ लोगों में चर्चा का विषय है और देश की जनता ने इस अभियान का महत्व भी समझा है। इसीलिए इस बहुआयामी मिशन में अधिकारियों द्वारा लापरवाही रखने अथवा कोरी औपचारिकता निभाना अब नहीं चलने वाला है। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा साहब द्वारा स्वयं इस अभियान की मॉनिटरिंग की जा रही है।

ग्राम पंचायत में बने सार्वजनिक शौचालय में सफाई की व्यवस्था रहे। गुप्ता ने कहा कि अमूमन यह देखने में आ रहा है कि ठााम पंचायत में सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय तो बना दिए जाते हैं। लेकिन इसका रखरखाव और सफाई आदि की व्यवस्था नहीं रखी जाती है और इससे बचने के लिए शौचालय पर ताले लगा दिए जाते हैं। अब ऐसा नहीं चलने वाला है। पंचायत अधिकारी को गंभीरता के साथ में संबंधित ठेकेदार को पाबंद करना होगा कि दिन में काम से कम तीन बार सामुदायिक शौचालय की सफाई और पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। गुप्ता ने कहा कि लगभग प्रत्येक ठााम पंचायत में प्राकृतिक रूप से अथवा सरकारी मशीनरी द्वारा तालाब बनाया जाता है जो कि उस गांव में पेयजल का प्रमुख स्त्रोत होते हैं। वहीं गांव का पशुधन भी वहीं से पानी पीता है। लेकिन यह तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं और जल आवक मार्ग पर अतिक्रमण के साथ ही झाड़ियां आदि हो चुकी है। जिसका कारण तालाब तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। सरकार द्वारा करोड़ों रुपए का बजट तालाब साफ सफाई और जीर्णोद्धार के लिए जारी किया जाता है। जिसका पूरी पारदर्शिता के साथ उपयोग होना चाहिए। क्योंकि ठाामीण स्तर पर जल संरक्षण और जल संचय के कार्य को आसानी से किया जा सकता है। गुप्ता ने निर्देश दिए कि स्वच्छ भारत मिशन में सबसे प्रमुख घटक है कि प्रत्येक घर से कचरा अलग-अलग रूप से संठाहण होना चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक ठााम पंचायत को प्रति महीना एक लाख रुपए का बजट भी जारी किया जाता है। लेकिन ठााम पंचायत द्वारा इसमें उदासीनता रखते हुए समय पर टेंडर नहीं किए जाते हैं और घरों निकलने वाला सुखा और गीला कचरा लोगों द्वारा खुले में ही फेंक दिया जाता है। सूखे कचरे में यदि प्लास्टिक रहता है तो वह वातावरण को भी खराब करता है एवं नाली में जाकर वहां भी अवरोध पैदा होता है। पूर्व की बैठक में भी यह निर्देश दिए गए थे कि प्रत्येक घर तक प्लास्टिक संठाहण के लिए एक बैग पहुंचाया जाए। गुप्ता ने बताया कि बायोगैस प्लांट लगाने के लिए किसानों को प्रेरित करके आर्थिक रूप से लाभ पहुंचाया जा सकता है। क्योंकि ठाामीण अंचल में जिस किसी किसान के पास में चार पशु हैं तो उनसे प्राप्त होने वाले गोबर से बायोगैस प्लांट आसानी से संचालित किया जा सकता है और इससे प्राप्त होने वाली गैस को भोजन पकाने के ईंधन के रूप में उपयोग कर सकते हैं। वहीं बची हुई स्लरी को खेतों में उपयोग कर सकते हैं।

# भागवत कथा 13 सितंबर से

**झुंझुनूं ।** ऋषि सेवा समिति चूरू एवं झुंझुनू के सनातन प्रेमी व भक्तगणों द्वारा श्रीमति सुंवादेवी डूंगरमल पाटोदिया सभागार श्री मुनि आश्रम अतिथि भवन खेमी शक्ति रोड झुंझुनूं में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन 13 से 20 सितंबर तक किया जा रहा है।

परम पूज्य कथा मर्मज्ञ काशी निवासी अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वक्ता श्री विद्या सिद्ध एवं ज्योतिष सम्राट राघव ऋषि महाराज व्यास पीठ को सुशोभित करेंगे एवं अपने मुखारबिंद से ओजस्वी, ललित एवं रसमयी मधुर वाणी द्वारा कथामृत का रसास्वादन कराएंगे। कथावाचक राघव ऋषि महाराज अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वक्ता, संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा, श्रीराम कथा, श्रीमद्देवीभागवत कथा एवं शिव महापुराण व विष्णुमहापुराण कथा मर्मज्ञ भारतीय संस्कृति की एक अमूल्य निधि है। आप इस युग के चेतना पुरूष एवं प्रज्ञावान गृहस्थ संत है। आपकी अमृतवाणी रसमयी एवं आकर्षक कथा शैली ने देश विदेश में अनेकानेक भक्तों को आकर्षित किया है। आपकी कथा में संगीत की रसमयी अमृतधारा प्रवाहित होती रहती है। आपने सबसे पहले श्रीराम कथा मात्र सात वर्ष की आयु में काशी के विद्वानों के समक्ष गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा स्थापित संकटमोचन हनुमान जी मन्दिर के प्रांगण में प्रस्तुत की थी।

तब से लेकर आज तक आप एक गृहस्थ संत के रूप में इस परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं। श्री ही भौतिक जीवन के सुख-समृद्धि का प्रमुख आधार है। आपको श्री विद्या सिद्धि प्राप्त है तथापि आप उसका उपयोग स्वयं के लिए न करके लोकहित में करते हैं। कोई भी व्यक्ति आपसे श्री सम्पन्न होने के लिए इस दिशा में श्री दीक्षा प्राप्त कर सकते हैं। कथा का समय दोपहर 2 बजे से सायं 5:30 बजे तक रहेगा। कथा के सहयोगी एवं साधक हुकमीचंद लोहिया चुरू, सुशीला थीरानी मुम्बई, रमेशचन्द्र गुप्ता जयपुर, नवलकिशोर जाखोटिया अहमदाबाद, महेश पारीक फतेहपुर, राजेश सोनी चूरू, अजय लोहिया चूरू, सुशील लोहिया चूरू, मधु शिवकुमार खेमका चूरू, अशोक विमल खेमका चूरू, मुरारीलाल कन्दोई चूरू, सौरभ विष्णु सर्राफ रतननगर, राजेश ओझा चूरू, मनीष बजाज चूरू, अनिल कल्याणी जयपुर, झुंझुनूं से गणेश कुमार हलवाई, सुभाष जालान, डॉ. डीएन तुलस्यान, परमेश्वर हलवाई, प्रदीप पाटोदिया, राजकुमार मोरवाल, रामानन्द पाठक, विपुल छक्कड़, नितिन रूंगटा, ललित जोशी, श्रीकान्त पंसारी, रूपेश तुलस्यान, महेश बसावतिया, नरेश ठठेरा, संदीप गोयल, रानी ठठेरा, सुमित गाडिया, अशोक सुल्तानिया एवं पवन सोनी सहित अन्य जन कथा को लेकर बेहद उत्साहित है एवं व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए प्रयासरत है।

### राजेश पूनियां उपाध्यक्ष मनोनीत

**सुलताना ।** राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी के अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के निर्देशानुसार नगर कांग्रेस कमेटी सुलताना की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। घोषित सूची के अनुसार पवन कुमार को नगर कांठोस कमेटी सुलताना का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महासचिव संगठन की जिम्मेदारी इंद्रकुमार को सौंपी गई है। उपाध्यक्ष पद पर राजेश पूनियां, संपत्त कंवर, रेखा देवी, महिपाल सिंह, हसन अली, महासचिव पद पर फकरूद्दीन, मोसिम, महासिंह, मुकेश, महेश कुमार मेघवाल, सचिव पद पर प्यारेलाल, संतोष, जगदीश प्रसाद पुत्र कुरड़ाराम, जगदीशप्रसाद पुत्र मोडूराम, अनिल, जिकरूद्दीन रहमान, हजारीलाल, प्रदीप कुमार, मातुराम, प्रवक्ता निरंजन सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी शकील भिश्ती को बनाया गया है। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद स्थानीय कांठोसजनों में उत्साह देखा गया।

### स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को

**झुंझुनूं, ।** सीके बिड़ला हॉस्पिटल्स जयपुर एवं लॉयंस क्लब झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार छह सितंबर को शाम सात बजे से होटल झुंझुनूं हवेली फ्रेंड्स कार वर्ल्ड के पास सीकर रोड झुंझुनू पर किया जाएगा। जानकारी देते हुए लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तृतीय उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर वक्ता डॉ. अंशुल पटोदिया अतिरिक्त निदेशक हृदय रोग द्वारा स्वस्थ हृदय पर एवं डॉ. अनिल कुमार जांगिड वरिष्ठ परामर्शदाता गैस्ट्रोएंटरोलॉजी द्वारा स्वस्थ यकृत और स्वस्थ पर रोग एवं उसके बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सीके बिडला हॉस्पिटल्स ग्रोथ एंड डेवलपमेंट ऑफिसर सचिन सिंह एवं इंचार्ज सेल्स एंड मार्केटिंग शिवपाल रणवां ने बताया कि हॉस्पिटल की ओर से समय समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हैं। जिससे लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता लाई जा सके।

# मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत सास-बहू सम्मेलन

- **चिकित्सा विभाग की ओर से मिशन परिवार विकास के तहत जिले के गांवों में सास बहू सम्मेलन का आयोजन**

**सीकर ।** प्रजनन दर कम करने के लिए शुरू किए गए मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत सास बहू सम्मेलन के माध्यम से सास और बहू एक दूसरे से प्रजनन एवं परिवार नियोजन के अनुभवों को साझा कर रही है, ताकि परिवार में परिवार नियोजन को लेकर फैली भ्रांतियां दूर हो सके और परिवार को सुदृढ रहे ।

चिकित्सा विभाग की ओर से मिशन परिवार विकास के तहत जिले के गांवों में सास बहू सम्मेलन का आयोजन स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र, अटल सेवा केन्द्र में किया जाता है। एएनएम व आशा सम्मेलन से पूर्व अपने कार्य क्षेत्र की योग्य सास बहू की सूची तैयार कर उनको सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित करती हैं। सम्मेलन में एएनएम द्वारा ज्ञानवर्द्धक खेल एवं गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, परिवार नियोजन एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ भ्रांतियों को भी दूर करती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिले में सास बहू सम्मेलन का आयोजन कर परिवार नियोजन, विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की जानकारी महिलाओं को दी जा रही है। साथ ही सम्मेलन में एएनएम द्वारा सीमित परिवार के लाभ, विवाह की सही आयु (लड़के की 21 वर्ष एवं लड़की की 18 वर्ष), विवाह के पश्चात दो वर्ष बाद पहला बच्चा, पहले एवू दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर, परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों की संपूर्ण जानकारी, परिवार कल्याण के तहत दी जाने वाले क्षितपूर्ति राशि के साथ अन्य स्वास्थ्य परक जानकारी भी दी जाती है । कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एडीशनल सीएमएचओ डॉ हर्षल चौधरी ने बताया कि मिशन परिवार विकास के तहत जिले में सास बहू सम्मेलन के माध्यम से सास और बहू एक मंच पर आकर एक दूसरे के साथ प्रजनन व परिवार नियोजन के अपने अनुभव सांझा करती हैं। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उनको टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जांच योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, मॉ वाउचर योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की भी जानकारी दी जाती है। सम्मेलन का आयोजन राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिले के गांवों में किया जाता है।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में 15 जिलों के प्रभारी नियुक्त

- **कांग्रेस पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के हर वर्ग को जोड़ने की दिशा में ये नियुक्तियां संगठनात्मक मजबूती का नया आयाम सिद्ध होंगी**

**झुंझुनूं, ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एमडी चोपदार ने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत दूसरी सूची जारी कर 15 जिलों में जिला प्रभारी एवं सह-प्रभारी की नियुक्ति की है। जारी सूची के अनुसार अजमेर, झुंझुनूं, सीकर, चूरू, कोटपुतली, जोधपुर, कोटा, हनुमानगढ़, करौली, श्रीगंगानगर, सवाई माधोपुर, जालौर, राजसमंद, डूंगरपुर, बीकानेर एवं बालोतरा में नवनियुक्त प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेशाध्यक्ष एमडी चोपदार ने सभी नवनियुक्त साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आप सभी संगठन सृजन अभियान के तहत जमीनी स्तर पर समर्पित कार्यकर्ताओं का चयन कर संगठन को और अधिक सशक्त व मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के हर वर्ग को जोड़ने की दिशा में ये नियुक्तियां संगठनात्मक मजबूती का नया आयाम सिद्ध होंगी। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष ने यह भी उल्लेख किया कि कांग्रेस पार्टी का अल्पसंख्यक विभाग सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्यरत है। नई नियुक्तियां इसी दिशा में संगठनात्मक मजबूती का नया अध्याय साबित होंगी ।

बनाए गए प्रभारी और सह प्रभारियों में झुंझुनूं का प्रभारी सोनू खान कायमखानी को बनाया गया है। जबकि फिरोज खान को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा अजमेर शहर और ठाामीण का जफर हुसैन टांक प्रभारी तथा मोहम्मद रईस खान रईस जालुपूरा को सह प्रभारी, सीकर नीम का थाना का मोहम्मद सुलेमान फारूकी को प्रभारी व आमिर खान शेखावाटी को सह प्रभारी, आबिद हुसैन को प्रभारी व हारून रशीद कुरैशी को सह प्रभारी चूरू, अकबर खान अंजान को प्रभारी व जावेद कुरैशी को सह प्रभारी कोटपुतली बहरोड़, मकसूद अहमद अब्बासी को प्रभारी व जावेद खान सिरोहा को सह प्रभारी जोधपुर शहर व ठाामीण, मोहम्मद सिद्दकी गौरी प्रभारी व ऋषि लांबा पंजाबी सह प्रभारी कोटा शहर व ठाामीण, गुरविंद्र सिंह चहल प्रभारी व आशिक हुसैन सुलेमानी को सह प्रभारी हनुमानगढ़, मुकीमुद्दीन खान मुकीम खान को प्रभारी व शकील अहमद को सह प्रभारी करौली, आरिफ मोहम्मद टांक को प्रभारी व गुरबिन्दर सिंह को सह प्रभारी श्रीगंगानगर, अल्लाहनूर मेहर को प्रभारी व आमीन खान को सह प्रभारी जालौर, आरिफ मोहम्मद को प्रभारी व मोहम्मद युनूस रसूलपुरा को सह प्रभारी राजसमंद, शाहरूख खान को प्रभारी व मुस्तफा रजा को सह प्रभारी डूंगरपुर तथा परमप्रीत सिंह को प्रभारी व बाबू हुसैन को सह प्रभारी बीकानेर शहर व ठाामीण बनाया गया है। इसके अलावा मोहम्मद अब्दुल कलाम को बालोतरा का सह प्रभारी बनाया गया है।

### भक्तिभाव से उत्तम तप धर्म की आराधना

**सीकर ।** सीकर के बजाज रोड स्थित श्री दिगंबर नया जैन मंदिर में चल रहे दशलक्षण महापर्व के सातवें दिन उत्तम तप धर्म की पूजा की गई। सुबह भगवान जिनेंद्र भगवान के अभिषेक, नित्य पूजा पाठ किया गया। प्रियंक जैन ने बताया कि शांतिधारा करने का सौभाग्य बाबूलाल जी आवेश कुमार जी अजय कुमार जी मोलिक कुमार जी छाबड़ा परिवार को मिला ।जैन मंदिर में जैन श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ उत्तम तप धर्म की आराधना की। मंत्री पवन छाबड़ा एवं अंकित मानजीका ने बताया की पंडित जयंत कुमार शास्त्री के निर्देशन में जैन अनुयायियों ने प्रात:काल अभिषेक, शांतिधारा की नित्य नियम पर्व पूजन क्रियाएं संपन्न कराइं। सायं:काल में स्वाध्याय व शांतिनाथ की आराधना भक्तिभाव से की। इस दौरान आयोजित धर्म सभा में पंडित जयंत कुमार शास्त्री ने कहा कि आचार्य पूज्यपाद स्वामी ने सर्वार्थसिद्धि ग्रंथ में तप को परिभाषा करते हुए कहा है- "कर्मक्षयार्थ तप्यते इति तपः "अर्थात कर्म के क्षय के लिए जो तपा जाता है, उसे तप कहते हैं। जैन धर्म में तप दो प्रकार का कहा है (1) बाह्य तप और (2) अभ्यांतर तप। बाह्य तप शरीर की बाह्य क्रियाओं से विशेष रूप से संबंधित है और अभ्यांतर तप का संबंध मन के विकारों का दमन करने से है।

## सार-समाचार

### भाजपा ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

**चूरू ।** पिछले दिनों बिहार में हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के प्रति बोले गए अपशब्दों के विरोध में बुधवार को धर्म स्तूप के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां का सर्वोच्च स्थान है हम मां को ईश्वर के समान मानते हैं। उन्होंने कहा एक जिम्मेदार पद पर रहने वाले राहुल गांधी की सभा में गाली निकालने की घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इस विषय पर कहा कि राहुल गांधी को और तेजस्वी यादव को इस बात के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए और जो लोग इसके लिए जिम्मेदार है, उन पर कड़ी से कडी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र काछवाल, मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, धर्मेंद्र राकसिया, हरीश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, कपिल रक्षक, कमल सैनी, मंडल महामंत्री श्रीराम पीपलवा, प्रकाश नायक, कपिल चंदेल, पवन चांवरिया, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मदन गोपाल बालान, जिला प्रवक्ता महेश मिश्रा, विजय शर्मा, जय प्रकाश प्रजापत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा, अजय तंवर, सुभाष कुमार, पार्षद राकेश दाधीच, आकाश सैनी, सुभाष महर्षि, किशन किरोड़ीवाल, मोहन लाल गढ़वाल, मूलचंद फरियाद, दाऊद थीम, देवराज पुरोहित, राकेश ओझा, कैलाश शर्मा, प्रकाश नायक, रवि दाधीच सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**नोहर** (निसं.)। यहां बरसाती जल निकासी का स्थाई समाधान ना होने और शहर में जलभराव से हो रहे नुकसान को लेकर आज वार्ड 26 के लोगों ने उपखंड अधिकारी आई .ए. एस. राहुल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें शहर के जागरूक नागरिक महेश कौशिक ने बताया कि नगरपालिका प्रशासन की ओर से हर वर्ष मानसून को लेकर जल निकासी के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं लेकिन स्थाई समाधान फिर भी नहीं हो पा रहा है और वर्षा के बाद पम्पसेट मोटर लगाकर बरसाती पानी से हुए जलभराव के समाधान के नाम पर फिर से लाखों रुपए का डीजल फूंक दिया जाता है। उपस्थित लोगों ने बताया कि शहर में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे करवाकर मुआवजा देने, महावीर पार्क की दशा सुधारने, जोहड़ से प्राचीन कुओं के भूगर्भ तक पाईप लाईन डलवानें, सड़कों को पुनः दुरुस्त करवाने, शहरी गौरवपथ पुनर्निर्माण करवाने, पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, सार्वजनिक शौचालय की धंस चुकी कुइयों की मरम्मत करवाकर आमजन को राहत पहुंचाएं। नगरपालिका प्रशासन कस्बे के प्राचिन कुओं के भूगर्भ में दूषित पानी समाधान के नाम षर डालाता आ रहा है। जबकि नगरपालिका को जल निकासी का स्थाई समाधान लाखों खर्च करने के बाद भी आज तक नहीं मिल पाया है। आमजन आज भी प्रशासन को उम्मीद भरी नजरों से देखता है पर प्रशासन अतिवृष्टि का अपना रोना रोते हुए दिखाई पड़ता है। ज्ञापन सौंपते समय मनीष सैनी, मुकेश भार्गव, बजरंग खटोतिया, राहुल कौशिक, विशाल जोशी, पिंटू लाटा, बंटी गौरी, प्रमोद जोईया आदि आमजन उपस्थित रहा।

### रक्तदान शिविर कल

**झुंझुनूं ।** ऋचा स्मृति फाउंडेशन द्वारा स्व. ऋचा चौधरी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार पांच सितंबर को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हेतमसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह नौ बजे से प्रारंभ होगा। ऋचा चौधरी के ससुर शिशुपाल सिंह पुत्र स्व. सुरजाराम मील गाड़जी का बास हेतमसर ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

### चिकित्सा शिविर 6 को

**झुंझुनूं ।** मरहूम डॉ. सलाउद्दीन चोपदार की पांचवीं बरसी पर छह सितंबर को सुबह 10 बजे रीको रोड वारिसपुरा स्थित आयुष हॉस्पिटल का उद्घाटन होगा और उसी के साथ-साथ हॉस्पिटल में ही छह, सात व आठ सितंबर, तीन दिनों तक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। आयोजकों द्वारा स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### आपसी लेन-देन के मामले में 5 पकड़े

**राजलदेसर ।** मदन दाधीच जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव, सुजानगढ़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार, रतनगढ़ पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार के आदेश अनुसार राजलदेसर थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने बुधवार को कान सिंह, नंदलाल द्वारा आपस में लेनदेन के मामले को लेकर शांति भंग के आरोप में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जिसमें किशन लाल पुत्र नंदलाल जाट उम्र 21 वर्ष वार्ड नंबर 23, दानाराम पुत्र नेमाराम जाट उम्र 25 वर्ष वार्ड नंबर 23 राकेश पुत्र नेमाराम जाट उम्र 25 वर्ष वार्ड नंबर 23, कानाराम पुत्र नेमाराम जाट उम्र 28 वर्ष, कान सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह राजपूत उम्र 51 वर्ष वार्ड नंबर 23 सभी राजलदेसर निवासियों को शांति भंग के आरोप में पुलिस गिरफ्तार करके मामले की जांच कर रही है।

### अग्रसेन जयंती मनाने का निर्णय

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी ।** अग्रवाल समाज की मीटिंग स्थानीय अग्रवाल भवन में अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष सुरेश मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।मीटिंग में भगवान अग्रसेन जी की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया भगवान अठासेन जयंती समारोह के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । मंत्री लखीप्रसाद बादुसरिया ने बताया कि भगवान अग्रसेन जयंती समारोह के लिए कमल तोदी, संदीप बजाज, राजेश जाजोदिया एवं लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला को संयोजक बनाया गया । विभिन्न कार्यों के लिए समिति व उपसमिति का गठन किया गया है । अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विमल चिराणिया निजी कारणों के चलते मीटिंग में अनुपस्थित रहे लेकिन दूरभाष के माध्यम से पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया मीटिंग में अठावाल समाज के मंत्री लखीप्रसाद बादूसरिया पूर्व अध्यक्ष सुरेश मोदी उपाध्यक्ष सुरेश बजाज लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला कोषाध्यक्ष मनोज जालान कार्यकारिणी सदस्य संदीप बजाज राजेश जाजोदिया उपस्थित थे ।

### शहीद के परिवार को दी जाएगी सहायता

**झुंझुनूं ।** शेखावाटी के विकास और उत्थान के लिए गठित शेखावाटी फाउंडेशन की झुंझुनूं इकाई का स्थापना समारोह 25 सितंबर को होगा। जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। साथ ही फाउंडेशन की झुंझुनूं टीम का गठन करने के लिए भी लगातार चर्चाएं और बैठकें हो रही है। फाउंडेशन के झुंझुनूं इकाई के अध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि 25 सितंबर गुरूवार को फाउंडेशन के राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों-प्रतिनिधियों की मौजूदगी में जिला मुख्यालय पर शपथ ठाहण कार्यक्रम होगा। इसी दिन फाउंडेशन की झुंझुनूं टीम की घोषणा भी की जाएगी। फाउंडेशन में पूरे जिले से हर वर्ग के विकासपरक और सकारात्मक सोच वाले विशिष्टजनों को शामिल किया जा रहा है। जिनकी लगातार स्वीकृतियां भी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी दिन शपथ ठाहण समारोह से पहले फाउंडेशन के सभी राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तरीय प्रतिनिधि लालपुर गांव जाएंगे। जहां पर आपरेशन रक्षक में शहीद हुए वीर सपूत इकबाल अली के परिवार को ढांढस बंधाने के अलावा परिवार को फाउंडेशन की तरफ से आर्थिक सहायता देंगे। साथ ही आश्वस्त करेंगे कि फाउंडेशन हर सुख-दुख में शहीद परिवार के साथ रहेगा। आपको बता दें कि इससे पहले आपरेशन सिंदूर में शहीद हुए मेहरादासी गांव के वीर सपूत शहीद सुरेंद्र मोगा के परिवार को भी फाउंडेशन की तरफ से आर्थिक सहायता दी गई थी।

### जल भराव के विरोध में वार्ड वासियों ने एसडीएम नोहर को ज्ञापन सौंपा

**नोहर** (निसं.)। यहां बरसाती जल निकासी का स्थाई समाधान ना होने और शहर में जलभराव से हो रहे नुकसान को लेकर आज वार्ड 26 के लोगों ने उपखंड अधिकारी आई .ए. एस. राहुल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें शहर के जागरूक नागरिक महेश कौशिक ने बताया कि नगरपालिका प्रशासन की ओर से हर वर्ष मानसून को लेकर जल निकासी के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं लेकिन स्थाई समाधान फिर भी नहीं हो पा रहा है और वर्षा के बाद पम्पसेट मोटर लगाकर बरसाती पानी से हुए जलभराव के समाधान के नाम पर फिर से लाखों रुपए का डीजल फूंक दिया जाता है।